# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी
## समग्र शिक्षा जिला–कोरिया, बैकुन्ठपुर (छ.ग.)

क्रमांक/3632/पीएमश्री/स्था0/योग शिक्षक/भर्ती/2026–27 बैकुण्ठपुर दिनांक 14/07/2026

**—:: योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक भर्ती हेतु विज्ञापन ::—**

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति आदेश क्रमांक/821/SS/PM-SHRI/योगा शिक्षक/2026 रायपुर दिनांक 05.06.2026 द्वारा पीएमश्री अंतर्गत चयनित विद्यालयों में अंशकालीन योग/खेल/शिक्षक/प्रशिक्षक के लिए एकमुश्त अधिकतम मानदय 10000.00 (दस हजार रूपये मात्र) प्रति माह की दर पर 31 मार्च 2027 तक के लिये सेवाएं लिये जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। मानदेय के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य भत्ते की पात्रता नहीं होगी। विद्यालयवार पदों की स्वीकृति निम्नानुसार है:–

| क्र | जिला | स्कूल का नाम | योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक हेतु स्वीकृत पद संख्या | विशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोरिया | पीएमश्री प्रा.शा. चित्ताझोर पोड़ी | 1 | स्वीकृत 01 पद होने से आरक्षण रोस्टर लागू नही होने के कारण अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है। |

**भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण :–**

| क्र0 | जिला | स्कूल का नाम | योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक हेतु स्वीकृत पद संख्या | वर्गवार पद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजा | अजजा | अपि.वर्ग. | अनारक्षित | योग |
| 1 | कोरिया | पीएमश्री प्रा.शा. चित्ताझोर पोड़ी | 1 | - | - | - | 1 | 1 |

उपरोक्तानुसार योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक के पद पर 31 मार्च 2027 तक के लिए अस्थाई रूपं से सेवायें लिया जाना है। इस हेतु दिनांक 28/07/2026 सायं 05.00 बजे तक **जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0 पिन कोड 497335** के पते पर आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते है। भर्ती एवं पात्रता की शर्ते एवं आवश्यक शैक्षणिक अहर्ताएं संबंधी विस्तृत जानकारी https://korea.gov.in/ . में प्राप्त की जा सकती है।

**योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक नियुक्ति की न्युनतम शैक्षणिक एवं अन्य अहर्ताएं –**

01 शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री (बी.पी.एड.)/योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री।
02 शारीरिक शिक्षा/योग शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने के अनुभवी को प्राथमिकता दिया जायेगा।
03 छ0ग0 राज्य के निवासी ही पात्र होंगे।
04 आवेदन की आयु 21 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है।
(शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छुट प्रदान की जायेगी।)
05 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

**नियम एवं शर्ते :–**

01 उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा स्वीकृत अवधि 31 मार्च 2027 तक के लिए ही अस्थायी रूप से रखा जायेगा एवं इस अवधि के पश्चात् भारत सरकार द्वारा आगामी सत्र के लिए स्वीकृति व मानदेय की राशि प्राप्त होने पर अवधि बढ़ायी जा सकेगी। अतः आवेदक कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को निरंतर/नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नहीं कर सकेगा।
02 अनुबंध के आधार पर अस्थाई रूप से कार्य कर रहा उम्मीदवार मानदेय वृद्धि और नियमितिकरण हेतु न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु पात्र नहीं होगा।
03 चयनित उम्मीदवार को उक्त अनुबंध करार पर हस्ताक्षर करना होगा और करार अनुबंध के उल्लघंन के मामले में अनुबंध रद्द माना जायेगा। जिसकी सूचना नहीं दी जावेगी और सेवा बगैर पूर्व सूचना के स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
04 आयु सीमा में छूट प्रचलित शासकीय नियमों के अनुसार लागू होगा।

05 चयनित उम्मीदवार को अस्थाई रूप से कार्य पर रखने संबंधी पत्र प्राप्त होने के पश्चात् नियत तिथि तक कर्तव्य में उपस्थित होना होगा अन्यथा मेरिट सूची में अगले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जावेगी और अलग से आवेदक को औपचारिक सूचना नहीं दी जावेगी।

06 जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरिया विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगा, निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् आवेदन स्वीकृत नही किया जायेगा

07 कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को विज्ञापन वापस लेने/चयन प्रक्रिया को रद्द करने के साथ ही उपरोक्त कार्य अवधि में कार्य से संतुष्ट नहीं पाये जाने की स्थिति में एवं किसी भी अन्य विवाद की स्थिति में योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक को कार्य से पृथक करने का संपूर्ण अधिकार होगा। विवाद होने पर निर्णय का सम्पूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक के पास सुरक्षित होगा।

08 इस पद हेतु एकमुश्त अधिकतम मानदेय रू0 10000/— (रू0 दस हजार ) मात्र प्रतिमाह दिया जायेगा इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य भत्ते की पात्रता नहीं होगी।

**आवेदन की प्रक्रिया :—**

01 भर्ती एवं पात्रता की शर्ते एवं आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं योग्य इच्छुक अभ्यर्थी जिला सूचना केन्द्र NIC कोरिया की वेबसाईट https://korea.gov.in/ . से आवेदन पत्र डाउनलोड कर आवेदन का प्रिंट प्राप्त कर सकते है।

02 आवेदक द्वारा निर्धारित प्रारूम में आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज स्वप्रमाणित संलग्न कर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ0ग0 पिन कोड 497335 में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अथवा स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते है। आवेदन हेतु अंतिम तिथि 28/07/2026 सायं 05.00 के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

03 पासपोर्ट साईज फोटो निर्धारित स्थान पर स्व—प्रमाणित चस्पा करें। शैक्षणिक योग्यता (10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, बी.पी.एड/अनुभव संबंधित प्रमाण पत्र व अन्य) को स्व—प्रमाणित कर संलग्न करेंगे।

04 छ0ग0 का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र आवश्यक हो तो स्व— प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

05 संलग्न प्रमाण पत्रों को आवेदन पत्र में उल्लेखित क्रम में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

06 अपूर्ण आवेदन/निर्धारित प्रारूप में गलत जानकारी को अस्वीकृत माना जायेगा।

**चयन प्रक्रिया :—**

01 निर्धारित न्यूनतम योग्यता स्नातक (बी0पी0एड0)/योग शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक का 80 प्रतिशत।

02 संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव एक वर्ष का 03 अंक एवं अधिकतम 15 अंक।

03 राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त शारीरिक खेल/योग प्रमाण पत्रों पर अधिकतम 5 अंक।

04 आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट एवं चयन सूची बिन्दु 1, 2 एवं 3 के आधार पर तैयार की जायेगी।

05 मेरिट के आधार पर प्रत्येक पीएमश्री विद्यालयों हेतु विज्ञापित पद के विरूद्ध अधिकतम 3 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

06 स्कूलवार आवेदन अनुसार दस्तावेज सत्यापन में सही पाये जाने पर मेरिट के आधार पर चयनित पीएमश्री स्कूल के लिये अभ्यर्थी का चयन किया जायेगा।

07 पीएमश्री स्कूलों में योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक की निर्धारित अवधि 31 मार्च 2027 तक के लिए नियुक्ति किया जायेगा।

**निरर्हताऍं :—**

01 ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिन्हें शासन द्वारा पृथक किया गया है अथवा सेवावृद्धि रोकी गई है आवेदन हेतु अपात्र होंगे।

02 कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक की उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो कि विहित की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप से स्वस्थ तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकती हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये परन्तु आपवादिक मामलों में अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के आधीन नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सीय रूप से अस्वस्थ पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

03 कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, वह किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले

लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा जब तक उस अपराधिक मामले का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चिय न कर दिया जाये।

**योग/खेल शिक्षक/प्रशिक्षक का कार्य दायित्व :–**

01 सेवा प्रदत्त द्वारा पीएमश्री विद्या0 में बच्चों को योग/खेलों के प्रति जागरूकता एवं प्रशिक्षण प्रदान करना।

02 पीएमश्री विद्यालय में प्राचार्य/प्र0पा0 द्वारा तय समय–सारणी अनुसार बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान करना।

03 योजना एवं किये गये कार्य विवरण का दैनिक डायरी बनाना एवं संबंधित विद्यालय के संस्था प्रमुख द्वारा प्रतिहस्ताक्षर कराना।

04 विद्यालय प्रमुख द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का पालन करना तथा सौपे गये उत्तर दायित्वों का नियोजन करना।

05 समग्र शिक्षा के ऑनलाईन पोर्टल में प्रशिक्षण कार्य जैसे–योग/स्मार्ट प्रशिक्षण दिया जाना।

06 प्रत्येक माह प्रशिक्षण पश्चात प्रशिक्षण का फोटोग्राफ/समाचार कतरन आदि का दस्तावेजीकरण करना।

07 इसके अतिरिक्त समय–समय पर राज्य एवं जिला स्तर पर दिए गये आदेश/निर्देशों के अनुसार कार्य करना।

**(कलेक्टर कोरिया द्वारा अनुमोदित)**

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**सह जिला परियोजना अधिकारी**
**समग्र शिक्षा**
**जिला कोरिया, छ0ग0**

पृ. क्रमांक/3633/पीएमश्री/स्था0/योग शिक्षक/भर्ती/2026–27 बैकुण्ठपुर दिनांक 14/07/2026

**प्रतिलिपिः–**

1. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, छ0ग0 रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित्।
2. आयुक्त सरगुजा संभाग अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0 की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित्।
3. कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला कोरिया छ0ग0 की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित्।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरिया की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित्। ।
5. संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग छ0ग0 की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित्।
6. जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला कोरिया छ0ग0 को सूचनार्थ।
7. जिला सूचना अधिकारी जिला कोरिया को सूचनार्थ। कृपया उपरोक्तानुसार विज्ञापन का PDF फाईल कोरिया के वेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।
8. सहायक संचालक जिला जन संपर्क कार्यालय जिला कोरिया की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
9. सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला कोरिया छ0ग0 की ओर सूचनार्थ।
10. सर्व संबंधित प्राचार्य/प्रधान पाठक पीएमश्री स्कूल .................................... को सूचनार्थ।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**सह जिला परियोजना अधिकारी**
**समग्र शिक्षा**
**जिला कोरिया, छ0ग0**

# योग / खेल शिक्षक / प्रशिक्षक भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीन पासपोर्ट साईज का स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें

1. आवेदित पद का नाम :— ..............................

2. आवेदित शाला का नाम :— ..............................

3. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :— ..............................

आवेदक का नाम (अंग्रेजी में) :— ..............................

4. पिता / पति का नाम :— ..............................

5. लिंग (पुरूष / महिला) :— ..............................

6. जाति वर्ग :— ..............................

7. जन्म तिथि (अंको में) :— दिन............ माह ...........वर्ष ..............

जन्म तिथि (शब्दों में) :—..............................

8. पत्र व्यवहार का पता :— ..............................

..............................

..............................

9. स्थायी पता :— ..............................

..............................

..............................

10. Email- ID :—..............................

11. मोबाईल नम्बर :—..............................

12. राष्ट्रीयता :—..............................

13. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक / दिनांक..............................

14. शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है :—

| क्रमांक | परीक्षा का नाम | विषय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड / वि.वि. का नाम | अध्ययन का माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5वीं | | | | | | | |
| 2 | 8 वीं | | | | | | | |
| 3 | 10 वीं | | | | | | | |
| 4 | 12 वीं | | | | | | | |
| 5 | स्नातक | | | | | | | |
| 6 | स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| 7 | बी.पी.एड / योग शिक्षा | | | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

15. छत्तीसगढ़ राज्य शासन में अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम, निगम मंडल में कार्यानुभव का विवरण :—

| क्र | नियोक्ता विभाग / संगठन का नाम | संस्था / प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया / कर रहे हैं | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी / स्थायी / संविदा / अन्य) | मासिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि दिनांक सहित | कुल अनुभव (माह / वर्ष में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

16. नियोक्ता के संबंध में जानकारी :—

| क्र | नियोक्ता विभाग / संगठन का नाम | संस्था / प्रतिष्ठान का नाम जहां कार्य किया / कर रहे हैं का पूर्ण पता | दूरभाष क्रमांक / मोबाईल | ई मेल आईडी | अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम एवं पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

टीपः— (अ) आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जांच कराई जायेगी, जांच में किसी प्रकार से गलत / भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पत्र अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी अभ्यर्थी की होगी।

(ब) आवेदक के पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी पत्राचार / ई—मेल / एस.एम.एस. के माध्यम से दिया जावेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई—मेल एवं मोबाईल नंबर अंकित करें।

17. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची

1. पांचवी उत्तीर्ण अंकसूची।
2. आठवीं उत्तीर्ण अंकसूची।
3. हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की अंकसूची
4. हायर सेकेण्डरी परीक्षा अंकसूची।
5. बी.पी.एड. अंकूसूची
6. संबंधित विषय में स्नातक / स्नातकोत्तर / योग शिक्षा की अंकसूची।
7. निवास / जाति प्रमाण।
8. आधार कार्ड की छायाप्रति।
9. रोजगार पंजीयन की छायाप्रति।
10. अनुभव प्रमाण पत्र / कार्य संबंधी दस्तावेज।
11. ..........................................................................
12. ..........................................................................

## घोषणा पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये समस्त विवरण मेरे विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं पूर्ण है तथा आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता / रखती हूँ, कोई भी जानकारी असत्य या अपूर्ण पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी, जिसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा / रहूंगी।

दिनांक :—

स्थान :—

हस्ताक्षर

आवेदक नाम :— ..............................

पिता / पति का नामः— ..............................

पूर्ण पताः— ..............................

..............................

मोबाईल नंबर ..............................

Scanned with OKEN Scanner